**खबर संक्षेप**

## राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य पहुंची मंडला ली बैठक, कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत

**मण्डला।** वनवासी विकास परिषद की एक दिवसीय बैठक में डॉ. रेखा नागर राष्ट्रीय कार्यकारिणी टोली सदस्य एवं श्रीमति देवश्री मोदी अध्यक्ष महानगर जबलपुर एवं तुलसी तिवारी प्रांत सह संगठन मंत्री महाकौशल मुख्य रूप से शामिल हुए। उपस्थित अतिथियों का कटरा में पुष्पमाला से स्वागत किया गया और बैठक का आयोजन वनवासी विकास परिषद सक्रिय सदस्य अनिल मिश्रा के आवास में आयोजित की गई। जहां पर उपस्थित अतिथियों का तिलक वंदन करते हुए भगवा वस्त्र से स्वागत किया गया और वनवासी विकास परिषद की रीति नीति के साथ समाजहित में किए जा रहे कामों को लेकर चर्चा की गई। साथ ही आगामी समय पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों पर विस्तार से चर्चा की गई। इस दौरान परिषद के विस्तार के साथ अनेक बिंदुओं पर चर्चा की गई वहीं विभाग संगठन मंत्री राजू कुडापे ने आयोजित बैठक में सभी का परिचय कराया और वनवासी विकास परिषद द्वारा जिले में किए जा रहे कार्यो से वरिष्ठजनों को अवगत कराया। वहीं बैठक पश्चात अतिथियों ने भोजन कार्यकर्ता शारदा सोनी के यहा ग्रहण किया। बैठक में मुख्य रूप से प्रमोद मरावी प्रांत युवा कार्य सहप्रमुख, किशोरी लाल साहू संरक्षक जिला समिति, जैनकली मरावी जिला महिला प्रमुख, प्रहलाद सिंह धुर्वे जिला संगठन मंत्री, नीरज अग्रवाल जिला मीडिया प्रभारी, कार्यकर्ता सुनीता सैयाम, शीतल वैष्णव, सीता परतेती, अनुराधा मिश्रा, कृष्ण कुमार परते खंड प्रमुख, पवन कुमार धुर्वे खंड प्रमुख मवई मुख्य रूप से उपस्थित रहे। इस बैठक में जिला समिति के पदाधिकारी, पूर्ण कालिक, अंशकालिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### 44 विस्थापित परिवारों ने नए आशियाने में रखा कदम

# पुनर्वास कॉलोनी में मिलेंगी सभी सुविधाएं





*** प्रत्येक परिवार के एक सदस्य को मिलेगा रोजगार।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

चुटका परमाणु परियोजना के अंतर्गत प्रभावित परिवारों के सम्मानजनक पुनर्वास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए रविवार को ग्राम गौंझीमाल स्थित आर एंड आर (पुनर्वास एवं पुनर्स्थापन) कॉलोनी में 44 विस्थापित परिवारों का गृह प्रवेश कराया गया। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्रीमती सम्पतिया उईके ने नए आवासों में पहुंचकर परिवारों का स्वागत किया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

इस अवसर पर मंत्री श्रीमती उईके ने परिवारों से आत्मीय संवाद करते हुए कहा कि पुनर्वास केवल मकान उपलब्ध कराने तक सीमित नहीं है, बल्कि प्रत्येक परिवार को बेहतर जीवन, सुरक्षा और सुविधाएं प्रदान करना शासन की प्राथमिकता है। उन्होंने पुनर्वास अवार्ड राशि के प्रतीकात्मक चेक वितरित करते हुए परिवारों को राशि का उपयोग भविष्य के विकास एवं आजीविका सुदृढ़ करने में करने की सलाह दी।

उन्होंने घोषणा की कि पुनर्वास कॉलोनी में धार्मिक एवं सांस्कृतिक आस्था को ध्यान में रखते हुए श्रीराम, हनुमान, राधा-कृष्ण तथा जनजातीय संस्कृति के आराध्य बड़ादेव मंदिर का निर्माण कराया जाएगा। बच्चों की शिक्षा प्रभावित न हो, इसके लिए आगामी दो दिनों के भीतर स्कूल का संचालन प्रारंभ करने के निर्देश भी दिए गए। मंत्री श्रीमती उईके ने बताया कि परियोजना से प्रभावित प्रत्येक परिवार के एक सदस्य को आउटसोर्स माध्यम से रोजगार उपलब्ध कराया जाएगा।

उ न्हों ने जानकारी दी कि न्यूक्लियर पावर कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (एनपीसीआईएल) की चुटका परमाणु परियोजना के तहत कुल 330 परिवार पुनर्वास के दायरे में हैं। इनमें से अब तक 119 परिवारों को गौंझीमाल स्थित आधुनिक पुनर्वास कॉलोनी में बसाया जा चुका है, जबकि शेष परिवारों के पुनर्वास की प्रक्रिया भी तेजी से जारी है।

कार्यक्रम में कलेक्टर श्री राहुल नामदेव धोटे ने विस्थापित परिवारों को आश्वस्त किया कि पुनर्वास के दौरान उन्हें किसी प्रकार की परेशानी नहीं होने दी जाएगी। उन्होंने बताया कि नए आवासों में शिफ्ट हुए 44 परिवारों के लिए जिला प्रशासन द्वारा एक माह तक निःशुल्क भोजन की व्यवस्था की गई है। साथ ही सभी आवश्यक सेवाओं एवं सुविधाओं की नियमित मॉनिटरिंग भी की जा रही है।

गौंझीमाल पुनर्वास कॉलोनी को आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित किया गया है। यहां स्वच्छ पेयजल, निर्बाध विद्युत आपूर्ति, पक्की सड़कें, सुदृढ़ नाली व्यवस्था तथा अन्य आवश्यक नागरिक सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं, जिससे विस्थापित परिवारों को सुरक्षित, सुविधाजनक और सम्मानजनक जीवन मिल सके।

इस अवसर पर अपर कलेक्टर राजेन्द्र कुमार सिंह, एसडीएम मंडला श्रीमती सोनल सिडाम, एसडीएम निवास सी.एल. वर्मा, तहसीलदार हिमांशु भलावी, नायब तहसीलदार श्री अजय श्रीवास्तव, स्थानीय सरपंच विश्राम, एनपीसीआईएल के वरिष्ठ अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।



## सरपंच, सचिव के नाम पर लाखों रूपये का भुगतान




*** जनपद पंचायत एवं जिला पंचायत का अब नहीं रहा नियंत्रण।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

जिले में पंचायतों पर न तो जनपद का अंकुश दिखाई दे रहा है और न ही जिला पंचायत का डर नजर आ रहा है पंचायतों में मनमाने भुगतान और निर्माण कार्यो में गुणवत्ता से समझौता कोई नई बात नहीं है अब तो स्थिति यह आ गई है कि सरपंच, सचिव अपने नाम से सरकारी राशि का आहरण कर रहे हैं। जनपद पंचायत मण्डला की समीपी ग्राम पंचायत पटपरा रैयत में पूर्व महिला सरपंच के नाम पर लाखों का आहरण किया गया है यह जानकारी पंचायत पोर्टल में दर्ज है और यहां वर्षो से पदस्थ सचिव के नाम पर भी 10-10 हजार रूपये का भुगतान कई बार आहरित दिखाया जा रहा है। पंचायत में जो मेट है उसके नाम से भी भुगतान अंकित है स्थानीय चाय वाले के नाम से समय-समय पर हजारों रूपये का भुगतान दर्शाया गया है इसके अलावा ऐसे 100 से ज्यादा नाम है जिनके नाम पर हजारों रूपयों का भुगतान पिछले कुछ वर्षो में किया गया है ये भुगतान किस काम के किये गये हैं और जिनके नाम से भुगतान हुआ है वे क्या वास्तव में है अथवा फर्जी सप्लायर हैं। किसी ग्राम पंचायत में इतने सप्लायर होना भी समझ से परे है बहुत से प्रतिष्ठान ऐसे हैं जिन्हें बार-बार हजारों रूपयों का भुगतान किया गया है यहां तक कि इस ग्राम पंचायत के पोर्टल में सीईओ के नाम से भी भुगतान दर्शाया गया है अब यह भुगतान किस बात के लिये किया गया है यह सार्वजनिक होना चाहिये। स्थानीय लोगों ने पिछले 10-12 वर्षो में जो भी भुगतान किये गये है उनकी गंभीरता से जांच की मांग की है।

इस संबंध में हमनें पंचायत समन्वयक से जब बात की तो उनका कहना था कि साल छः महीने में हम अभिलेखों को सरसरी निगाह से देखते तो हैं अब यदि ऐसे भुगतान हुये हैं तो जांच के बाद ही पता चलेगा कि क्या मामला है। इस मुद्दे पर जनपद पंचायत मण्डला के कार्यकारी सीईओ से जब पूछा गया तो उन्होंने सरपंच, सचिव के नाम भुगतान को पूर्ण रूप से अवैध बताया उन्होंने कहा कि यदि ऐसा हुआ है तो इसकी जांच होनी चाहिये यदि कोई शिकायतकर्ता इसकी शिकायत करेगा तो निश्चित रूप से गंभीरता से जांच की जायेगी।

## स्वर्गीय देव कुमार उपाध्याय की प्रथम पुण्यतिथि पर संगीतमय सुंदरकांड पाठ का आयोजन.........



**भुआबिछिया।** नगर परिषद भुआ बिछिया के वार्ड क्रमांक 2 में स्वर्गीय श्री देव कुमार उपाध्याय (सेवानिवृत्त उपवनक्षेत्रपाल) की प्रथम पुण्यतिथि के पावन अवसर पर उनकी पुण्य स्मृति में संगीतमय सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं, परिजनों एवं नगरवासियों ने सहभागिता कर दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की। संगीतमय सुंदरकांड पाठ के दौरान श्रद्धालुओं ने भगवान श्रीराम एवं हनुमान जी के भजनों का रसपान किया तथा क्षेत्र की सुख-समृद्धि एवं दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। कार्यक्रम स्थल पर भक्तिमय वातावरण बना रहा। इस अवसर पर उपस्थित अतिथियों एवं नगरवासियों ने स्वर्गीय श्री देव कुमार उपाध्याय के व्यक्तित्व एवं उनके सामाजिक योगदान को स्मरण करते हुए श्रद्धासुमन अर्पित किए। कार्यक्रम का समापन आरती एवं प्रसाद वितरण के साथ हुआ। परिजनों ने कार्यक्रम में शामिल होकर श्रद्धांजलि अर्पित करने वाले सभी गणमान्य नागरिकों, रिश्तेदारों एवं श्रद्धालुओं के प्रति आभार व्यक्त किया।

## झोलाछाप डॉक्टरों पर कार्रवाई नहीं, ग्रामीणों में बढ़ रही नाराजगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/भुआबिछिया



क्षेत्र में लंबे समय से बिना मान्यता और आवश्यक योग्यता के चिकित्सा कार्य कर रहे कथित झोलाछाप डॉक्टरों पर अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं होने से ग्रामीणों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि कई स्थानों पर अवैध रूप से क्लीनिक संचालित हो रहे हैं, जहां मरीजों का इलाज बिना उचित चिकित्सकीय योग्यता के किया जा रहा है।

ग्रामीणों का कहना है कि कई बार शिकायतें किए जाने के बावजूद संबंधित विभाग द्वारा प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई है। इसके चलते लोगों की जान जोखिम में पड़ रही है और ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं।

क्षेत्रवासियों ने स्वास्थ्य विभाग और प्रशासन से मांग की है कि अवैध रूप से संचालित क्लीनिकों की जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। उनका कहना है कि समय रहते कार्रवाई नहीं हुई तो किसी भी बड़ी घटना से इंकार नहीं किया जा सकता।

वहीं, जिम्मेदार अधिकारियों का कहना है कि शिकायत प्राप्त होने पर जांच कर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। हालांकि, क्षेत्र में अब भी कई कथित झोलाछाप डॉक्टर खुलेआम मरीजों का उपचार करते नजर आ रहे हैं, जिससे विभागीय कार्रवाई की प्रभावशीलता पर प्रश्नचिह्न लग रहा है।

ग्रामीणों ने प्रशासन से जल्द अभियान चलाकर ऐसे क्लीनिकों की जांच करने और आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की है।

## विवेक ज्योति विद्यालय में छात्रों का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला




जिले की प्रतिष्ठित विद्यालयों में शुमार विवेक ज्योति विद्यालय नावघाट में छात्र सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया यहां पर बोर्ड परीक्षा 10वीं में शाला में सर्वोच्च स्थान प्राप्त करने वाले छात्र मोहित नंदा 91 प्रतिशत सूर्यांश सिंधिया 87.6 प्रतिशत एवं संजना श्रीवास 85.2 प्रतिशत प्राप्त करने पर और विद्यालय का नाम रोशन करने के अवसर पर सम्मान किया गया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के तौर पर सामाजिक कार्यकर्ता नीरज अग्रवाल, समाजसेवी प्रदीप तलेवाले व प्राचार्य ब्रजेश चौरसिया ने तीनो छात्रों को प्रशस्ति पत्र देते हुए मेडल पहनाया और नगद राशि प्रदान करते हुए उन्हें और अधिक मेहनत करते हुए आगामी कक्षाओं में प्रदेश स्तर पर नाम रोशन करने की कामना की। इस दौरान शिक्षिका मिथिला ताम्रकार, मंजुला चौरसिया, कान्हा धनगर, शर्मिला आशुतोष कछवाहा के साथ अनेक शिक्षक शिक्षिका और विद्यालय स्टॉफ उपस्थित रहा। कार्यक्रम के पूर्व मां सरस्वती के तैल्यचित्र पर माल्यार्पण करते हुए दीप प्रज्वालन किया गया। विशिष्ट अतिथि सामाजिक कार्यकर्ता नीरज अग्रवाल ने कहा कि विवेक ज्योति विद्यालय जिले की प्रतिष्ठित विद्यालय में पहचानी जाती है। यहां पर पढने वाले विद्यार्थी अनेक पदों में विराजमान हो चुकें है स्कूल अनुशासन अच्छी शिक्षा के साथ परिवारिक वातावरण में बच्चों को अध्ययन कराने के लिए जानी व पहचानी जाती है।

## जल जीवन मिशन के कार्य में अनियमितता की आशंका, ग्रामीणों ने जताई चिंता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/भुआबिछिया



जनपद पंचायत बिछिया की ग्राम पंचायत ठोड़ा अंतर्गत जल जीवन मिशन के तहत पेयजल पाइपलाइन बिछाने का कार्य किया जा रहा है। ग्रामीणों ने निर्माण कार्य की गुणवत्ता एवं तकनीकी मानकों को लेकर गंभीर चिंता व्यक्त की है।

ग्रामीणों के अनुसार नदी-नालों को पार कराने के लिए पाइपलाइन निर्धारित गहराई एवं सुरक्षित ऊंचाई पर स्थापित किए जाने के बजाय सीधे नदी तल में डाली जा रही है। इससे आगामी वर्षा ऋतु में बाढ़ की स्थिति उत्पन्न होने पर पाइपलाइन के बह जाने अथवा क्षतिग्रस्त होने की प्रबल संभावना बनी हुई है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि निर्माण कार्य तकनीकी मानकों के अनुरूप नहीं किया गया तो शासन की महत्वपूर्ण जल जीवन मिशन योजना को नुकसान पहुंच सकता है तथा भविष्य में ग्रामीणों को पेयजल आपूर्ति संबंधी समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है।



ग्रामीणों ने संबंधित विभाग एवं जिम्मेदार अधिकारियों से मांग की है कि निर्माण कार्य का तत्काल निरीक्षण कर गुणवत्ता एवं तकनीकी मानकों की जांच कराई जाए तथा आवश्यक सुधारात्मक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, ताकि योजना का स्थायी एवं सुरक्षित लाभ ग्रामीणों को मिल सके।

ग्रामीणों का कहना है कि समय रहते उचित कदम नहीं उठाए गए तो बारिश के दौरान पाइपलाइन को नुकसान होने से शासन की राशि का अपव्यय होने के साथ-साथ पेयजल व्यवस्था भी प्रभावित हो सकती है।

**आयोजन** | **एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस भी रहा सम्मान समारोह में शामिल।**

# शिक्षक संघ ने किया सेवानिवृत्त शिक्षकों का सम्मान





*** पितृ दिवस के अवसर पर हुआ आयोजन।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस, जिला मण्डला एवं मध्यप्रदेश शिक्षक संघ जिला शाखा मंडला के संयुक्त तत्वाधान में सेवानिवृत्त शिक्षकों का सम्मान समारोह 21 जून 2026 पितृ दिवस के शुभ अवसर पर आयोजित किया गया। कार्यक्रम का कुशल प्रबंधन एवं संचालन आयोजन संयोजक एवं एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस के सलाहकार दीपक ठाकुर द्वारा किया गया।

आयोजन में प्रबंधक रजनीश कुमार पांडे एवं दीपक ठाकुर ने सभी सेवानिवृत्त शिक्षकों को शुभकामनाएं देते हुए उनके स्वस्थ और दीर्घायु जीवन की कामना की। इस दौरान अभिकर्ता दीपक ठाकुर ने सेवानिवृत्ति के बाद सुनियोजित वित्तीय प्रबंधन के विषय में विस्तार से समझाया तथा निशुल्क सलाहकार के रूप में सदैव तत्पर रहने का आश्वासन दिया।

शिक्षक संघ अध्यक्ष सह मंडल संयोजक विवेक शुक्ला एवं शिक्षक संघ के प्रांतीय प्रतिनिधि असीम गौतम ने अपने उद्बोधन में बताया कि संगठन हमेशा शिक्षकों के साथ खड़ा है और हर संभव सहयोग के लिए प्रतिबद्ध है। कार्यक्रम में संगठन मंत्री योगेश चौरसिया एवं सचिव रेवा शंकर पाण्डेय ने विशेष सहयोग प्रदान किया।

सेवानिवृत्त प्राचार्य अखिलेश चंद्रौल, शैल दुबे तथा संघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजकुमार सिंगौर ने अपने उद्बोधन में इस आयोजन की उपयोगिता और आवश्यकता को महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रम सेवानिवृत्त शिक्षकों का मनोबल बढ़ाते हैं साथ वित्तीय प्रबंधन से रूबरू करते हैं। कार्यक्रम के दौरान अखिलेश चंद्रोल ने कुशल वित्तीय सलाहकार एवं पुरस्कृत अभिकर्ता दीपक ठाकुर का पुष्प हार से स्वागत किया एवं उनके द्वारा किए जा रहे प्रयासों की भूरि-भूरि प्रशंसा की।

कार्यक्रम के अंत में प्रबंधक रजनीश पांडे, संयोजक दीपक ठाकुर, अध्यक्ष विवेक शुक्ला एवं प्रांतीय प्रतिनिधि असीम गौतम द्वारा समस्त सेवानिवृत्त शिक्षकों का तिलक वंदन कर पुष्पहार, सम्मान पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। अंत में स्वरुचि भोज के पश्चात कार्यक्रम समाप्त हुआ। उपस्थितजनों ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए आयोजक मंडल द्वय एसबीआई लाइफ एवं शिक्षक संघ का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम बहुत ही सारगर्भित और उपयोगी रहा। एसबीआई लाइफ के उद्देश्य अपने लिए, अपनों के लिए₹ से सभी अवगत हुए साथ ही एसबीआई लाइफ की योजनाओं से प्रभावित हुए।

**खबर संक्षेप**

### स्टाफ की समस्या से जूझ रहा है सांईखेड़ा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, लोगों को कैसे लाभ मिल पायेगा शासन की स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ

**हरिभूमि न्यूज/सांईखेड़ा।** जहां एक ओर प्रदेश सरकार द्वारा आम लोगों को स्वास्थ्य संबंधी लाभ पहुंचाने के लिए अनेक प्रकार की सेवाएं संचालित करते हुए लोगों को लगभग एक सैकड़ा से अधिक दवाईयों का निः शुल्क वितरण किया जा रहा है? मगर अब सबाल यह खड़ा हो रहा है कि जब किसी स्वास्थ्य केन्द्र में कोई चिकित्सक ही नही होगा तो फिर आम लोगों को स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ कैसे मिल पायेगा? इस बात की सच्चाई इस समय नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में दिखाई पड़ रहा है जहां पर कहने के लिए तो 53 स्वास्थ्य कर्मियों के पद स्वीकृत है, मगर उनमें से मात्र चंद स्वस्थ्य कर्मी तैनात रहते हुए लोगों को स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ देते हुए देखे जा रहे है जिसमें अधिकारियों से लेकर कर्मचारियों के पद खाली होने से लोगों को शासन की योजनाओं का लाभ नही मिल पा रहा है। इतना ही नही इसमंह से अनेक तो प्रमुख रोग विशेषज्ञों का आभाव है जिनकी पोस्टिंग नही होने के कारण ग्रामीणों का इलाज नही हो पाता है। प्रमुख चिकित्सकों के रूप में देखा जावे तो मात्र एक चिकित्सक के भरोसे ही संपूर्ण स्वास्थ्य केन्द्र की व्यवस्थाएं संचालित हो रही है। बताया जाता है कि यही हाल सांईखेड़ा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के अंतर्गत आने वाले पलोहा प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का बना हुआ है जहां पर प्रमुख चिकित्सक के ही पद बीते लम्बे समय से खाली पड़ा होने के कारण वहां पर स्वीपर व वार्ड वाय के भरोसे ही प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र संचालित हो रहे है?

### वाहन चालको की यह लापरवाही खुद के साथ दूसरों की जिन्दगी को डालती है खतरे में

**हरिभूमि न्यूज/ सांईखेड़ा।** जहां एक ओर आये दिन पुलिस प्रशासन द्वारा यातायात में सुधार लाने की बात को लेकर चालानी कार्यवाही करते हुये देखा जाता है, जिसमें अनेक इस प्रकार के लोगों के खिलाफ भी पुलिस द्वारा अपनी चालानी कार्यवाही करने से नही चूकती है जो किसी भूलवस अपने वाहनों के जरूरी कागज घरों पर भूल जाते है और उन्हें पुलिस की इस कार्यवाही का शिकार होना पड़ता है? मगर यदि सच्चाई पर गौर किया जावे तो पुलिस द्वारा उन लोगों को पूर्णरूप से नजर अंदाज कर दिया जाता है जो एक बाइक पर तीन की जगह खुलेआम चार चार लोग बैठते हुये जहां यातायात नियमों की धज्जिया तो उडाते हुये देखे ही जाते है साथ ही साथ अपनी व दूसरों की जिन्दगी को खतरा पैदा करने से नही चूकते है? इस बात की सच्चाई बीते दिवस नगर के मुख्य बाजार में उस समय देखने मिली जब एक बाईक पर चार लोग बैठते हुये पुलिस थाने के ठीक सामने से निकलकर बाजार तक पहुंच गये पर पुलिस द्वारा इनके खिलाफ कार्यवाही करने की बात तो दूर उन्हें रोककर हितायद देना भी जरूरी नही समझा? अब सबाल यह पैदा हो रहा है कि यदि इस प्रकार के वाहनों के माध्यम से कोई सड़क घटना घटित हो जाती है तो उसका जिम्मेदार कौन होगा?

### गांवों में राशन दुकान समय पर नही खुलने से भटकते हुये देखे जाते है उपभोक्ता..

**गाडरवारा।** शासन द्वारा गरीबों के हितों का ध्यान रखते हुए उन्हें सस्ता राशन उपलब्ध कराया जा रहा है जिससे सार्वजानिक वितरण प्रणाली के तहत संचालित सस्ते राशन की दुकानों से हालॉकि सरकार की मंशानुरूप गेहू, कैरोसिन, चॉवल और शक्कर का वितरण किया जा रहा है। वही सरकार के आदेश अनुसार कुछ महिनों तक पर्ची धारकों के लिये निःशुल्क राशन भी वितरण किया जा रहा है। किन्तु ग्रामीण क्षेत्रों में नीले, पीले कार्डधारियों की शिकायत है कि उचित मूल्य की कई दुकानें ऐसी है जो समय के साथ निश्चत तिथि पर नही खुलने के कारण लोगो का समय व्यर्थ बर्बाद हो रहा है।

# सिविल न्यायालय सहित एनटीपीसी पावर प्लांट व शिक्षण संस्थाओं के आलवा अन्य जगहों पर मनाया गया अंतराष्ट्रीय योग दिवस






**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।** निश्चित ही योगा इस तरह की प्रक्रिया है जिससे मानव अनेक प्रकार की बीमारियों से मुक्ति पाने में सफल हो सकता है और यह आदि काल से चलते हुये आ रहा है। इसी के चलते बीते हुये शनिवार को 12 वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर सामूहिक योगाभ्यास, योग संगम का आयोजन नगर के न्यायालय परिसर सहित एनटीपीसी पावर प्लांट के अलावा अन्य जगहों पर आयोजित किया गया। उल्लेखनीय हैं कि यह योग दिवस एक पृथ्वी- एक स्वास्थ्य के लिये योग की थीम पर आयोजित किया गया। बताया जाता है स्थानीय न्यायालय परिसर में राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण म.प्र. जबलपुर के आदेशानुसार एवं माननीय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मा.अखिलेश शुक्ला के निर्देशानुसार एवं अध्यक्ष तहसील विधिक सेवा समिति श्रीमति संतोषी वासनिक द्वितीय जिला न्यायाधीश तहसील विधिक सेवा समिति गाडरवारा के मार्गदर्शन में सुबह 7:30 बजे सिविल न्यायालय परिसर में अंतराष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन किया गया। इस मौके पर सभी न्यायाधीशगण, अधिवक्तागण एवं न्यायालयीन कर्मचारीगण ने सामूहिक रूप से पतंजलि योग पीठ योग प्रशिक्षिका सुश्री रानी हरदेनिया के मार्गदर्शन में योगाभ्यास किया । कार्यक्रम में न्यायाधीश ने योग के महत्व से अगवत कराते हुये जहां योग को दैनिक दिन चर्या में शामिल करने पर बल दिया। वही कहा कि योग से व्यक्ति शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ रह सकता है एवं इस कार्यक्रम का उददेश्य लोगो को योग, व्यायाम एवं प्रणायाम से जोडना है। कार्यक्रम के अंत में सभी ने स्वयं व अपने परिवार के सदस्यों द्वारा योग अपनाने की शपथ ली ।कार्यक्रम में न्यायाधीश श्री मति संतोषी वासनिक द्वितीय जिला न्यायाधीश मा. राजेश कुमार तिवारी प्रथम जिला न्यायाधीश, मा. आर पी अहिरवार छठवीं जिला न्यायाधीश अजय सिंह यादव जेएमएफसी, विनय सोनी जेएमएफसी सुश्री कृतिका सिंह जेएमएफसी एवं अभिषेक गुप्ता पैनल लॉयर्स, नवीन दुबे, वीरेंद्र श्रीवास्तव, श्रीमती शिखा सोनी पैरा लीगल वॉलिंटियर्स, अखिलेश सोनी एवं समस्त न्यायालय कर्मचारियों ने योग प्रशिक्षिका सुश्री रानी हरदेनिया के निर्देशन में विभिन्न प्रकार के योग अभ्यास किया। इसके आलवा नगर के एनटीपीसी भवन में स्थानीय अधिकारियों सहित नगर पालिका अध्यक्ष शिवाकांत मिश्रा तथा पार्षदो द्वारा भी योग्भास किया गया। इसी प्रकार से समीपस्थ चीचली के पास स्थित एनटीपीसी में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन उत्साह एवं ऊर्जा के साथ किया गया। इस वर्ष की थीम स्वस्थ एवं सक्रिय वृद्धावस्था के लिए योग (Yoga for Healthy Ageing)₹ के अनुरूप आयोजित कार्यक्रम में 100 से अधिक कर्मचारियों, अधिकारियों, उनके परिजनों एवं टाउनशिप निवासियों ने सहभागिता की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हिम्मत सिंह चौहान कार्यकारी निदेशक थे। इस अवसर पर राधेश्याम मौर्य महाप्रबंधक (अनुरक्षण एवं प्रचालन), राजीव त्रिपाठी महाप्रबंधक (परियोजना) सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। इसके पश्चात योग प्रशिक्षिका सुश्री प्राची कुरचानिया, संस्थापक, शैवास योगशाला द्वारा योग सत्र का संचालन किया गया। उनके मार्गदर्शन में प्रतिभागियों ने विभिन्न योगासन, प्राणायाम एवं ध्यान का अभ्यास किया तथा योग के शारीरिक, मानसिक एवं भावनात्मक लाभों के बारे में जानकारी प्राप्त की।अपने संबोधन में कार्यकारी निदेशक हिम्मत सिंह चौहान ने योग को स्वस्थ एवं संतुलित जीवन का आधार बताते हुए सभी से इसे दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने का आह्वान किया।कार्यक्रम ने प्रतिभागियों में स्वास्थ्य जागरूकता, सकारात्मक ऊर्जा एवं सामूहिक सहभागिता की भावना को प्रोत्साहित किया। वही अंत में सभी ने नियमित योगाभ्यास कर स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संकल्प लिया। इसी प्रकार से रविवार क्रो समीपस्थ ग्राम डूंगरिया के शासकीय हाई स्कूल में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती पूजन के उपरांत अतिथियों का स्वागत फूलमालाओं के साथ किया गया। इसके पश्चात योग अभ्यास का कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि सहित ग्राम के गणमान्य नागरिक व अन्य वरिष्ठ जन, विद्यार्थियों तथा भूतपूर्व छात्रों की भी उपस्थित रही।

## क्या कागजों में ही संचालित हो रही क्षेत्र में बनाई गई नहरे, निर्माण के औचित्य पर खड़े हो रहे सबाल...

**हरिभूमि न्यूज/खुलरी।** सरकार द्वारा किसानों को सुविधाएं प्रदान करने के लिये किसी योजना के नाम पर यदि करोड़ो रूपया खर्च किये जाते है और उन सुविधाओं का जब जरूरत पड़ने पर उपयोग न हो सके तो निशिचत वह मात्र दिखावा साहित होने से नही चूकते है? कुछ इसी प्रकार की सच्चाई इस समय क्षेत्र में बनी हुई और क्षेत्र में बनी हुई नहरे मात्र शोभा की सुपारी साबित होने से नही चूक पा रही है? क्योंकि जिस प्रकार से कुछ वर्ष पहले शासन द्वारा क्षेत्र में किसानों की भूमि का अधिग्रहण करने के साथ साथ करोड़ो की राशि खर्च करते हुये नहरों का निर्माण कराया गया था तो क्षेत्र के किसानों में इस बात की खुशी देखने मिल रही थी कि अब उन्हें अपने खेतों में सिंचाई करने के लिये पानी की समस्या से नही जूझना पड़ेगा। मगर क्षेत्र के किसानों की यह सोच मात्र एक सपना साबित होने से इसलिये नही चूक पा रही है। क्योंकि जब किसानों को अपनी फसलों की सिंचाई करने का समय आता है तो बरगी नहर प्रबंधन द्वारा नहरों में पानी ही नही छोड़ा जाता हैद्ध जिसके चलते करोड़ो की राशि से बनी हुई क्षेत्र की यह नहरे जहां अनुपयोगी साबित होने से नही चूक पा रही है..? यह बात अलग है कि नहर प्रबंधन द्वारा जब सच्चाई को मीडिया द्वारा उजागर किया जाता है कि नहरों में पानी छोड़ने की विज्ञाप्ति जारी की जाती है। अब सबाल यह पैदा हो रहा है कि जिस तरह नहरों के बीच उगी हुई झाडियों ने पेड़ का रूप धारण कर लिया है तो फिर इन नहरों में पानी छोड़ने की कल्पना की जा सकती है। इससे तो यही प्रतीत हो रहा है कि शायद यह नहरे सिर्फ कागजों में ही संचालित हो रहे है....? यदि सच्चाई पर गौर किया जावे तो इस समय देखा जा रहा है कि पड़ रही भीषण गर्मी के



दौरान किसानों के खेतों में लगी हुई गन्ना व गर्मी का सोयाबीन सहित अन्य फसल को पानी देने की जरूरत पड़ रही है। वही दूसरी ओर जिन किसानों द्वारा अपने खेतों में मूंग फसल की गई है उसमें भी पानी देने की जरूरत होने के कारण किसान अपने खेतों में बने हुये नलकूपों के भरोसे तो सिंचाई कर रहे है। मगर इस जहां जमीन का जल स्तर नीचे की ओर गिर जाने के कारण किसानों के नलकूप पर्याप्त मात्रा में पानी नही दे पा रहे है। क्योंकि इस समय भले ही सरकार से लेकर बिजली विभाग द्वारा क्षेत्र के किसानों को सिंचाई हेतु 10 घंटे बिजली उपलब्ध कराये जाने की बात कही जा रही हो मगर सच्चाई गांवों में देखने मिल रही है जहां पर क्षेत्र के किसान दिन रात करते हुये अपने खेतों में डेरा जमाय रहे है जिन्हें मुश्किल से चार पांच घंटे ही बिजली मिल पा रही है। इस स्थिति में निश्चित तौर से किसानों के खेतों में लगी हुई फसलों को पानी नही मिलने से वह खराब होते हुये दिखाई देने लगी है। मगर इस दौरान भी इन नहरों से पानी नही छोड़ा जाना निश्चित तौर से इन नहरों के महत्व को समाप्त करने से नही चूक पा रहा है? यदि इन नहरों में पानी छोड़ दिया जावे तो निश्चित ही जहां क्षेत्र के किसानों की फसलों को पानी मिल सकता है। वह दूसरी ओर जमीन के गिरते हुये जल स्तर में भी सुधार आ सकता है। इस स्थिति में क्षेत्र में बनी हुई करोड़ो की लागत की नहरे क्षेत्र के किसानों के लिये औचित्य हीन साबित होते हुये जान पड़ रही है। वही दूसरी ओर क्षेत्र में बनाई गई इन नहरों के निर्माण में अपनाई गई गुणवत्ता की सच्चाई पर गौर किया जावे तो निश्चित ही विभाग की उदासीनता के चलते जिस प्रकार से निर्माण कार्य करने वाली कंपनी द्वारा इन नहरों का निर्माण कार्य किया गया है उसके चलते लगातार टूटते हुये दिखाई दे रही है जिससे क्षेत्र की नहरे अपने निर्माण में अपनाई गई गुणवत्ता की कहानी के साथ साथ उन अधिकारियों की कार्य प्रणाली को भी उजागर करने से नही चूक रही है जिनकी देख रेख में इन नहरों का निर्माण कार्य पूर्ण कराया गया था? क्योंकि जहां शासन द्वारा नहरों के निर्माण के लिये क्षेत्र के सैकड़ो किसानों की भूमि अतिग्रहण करते हुये करोड़ो की राशि खर्च कर क्षेत्र में नहरों का निर्माण कराया गया है, मगर इस समय क्षेत्र के किसानों को जरूर पड़ने पर पानी नही छोड़े जाने के कारण क्षेत्र के किसानों के लिये यह नहरे अनुपयोगी साबित होते हुये दिखाई देने लगी है। क्योंकि जरूरत के समय यदि किसानों को इन नेहरों का लाभ नही मिल पा रहा है तो फिर क्षेत्र में इन नेहरों के बनाये जाने का महत्व अपने आप ही समाप्त हो जाता है। इस सच्चाई को ध्यान में रखते हुये क्षेत्र के किसानों द्वारा जिला कलेक्टर से मांग की गई है कि शीघ्रता से ही गाडरवारा तहसील क्षेत्र की नेहरों में पानी छोड़ने के लिये संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देशित करते हुये किसानों को इस परेशानी की घटी में सहायता प्रदान कराई जावे जिससे किसान अपनी फसलों को बचाने में सफल हो सके।

## नगर में शहीदाने करबला की याद में मनाता जा रहा मोहर्रम


**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।** नगर में मोहर्रम की शुरुआत सेवाभाव और भाईचारे के संदेश के साथ हुई। करबला के शहीदों की कुर्बानी को याद करते हुए शहर में धार्मिक आयोजन चल रहे है। हसनी हुसैनी सोसायटी ने नगर के शक्ति चौक पर रक्तदान शिविर लगाया था । सोसायटी द्वारा चौक पर अब्बास अलमदार की शान में परचम कुसाई की गई। इसी प्रकार से मोहर्रम की 7 तारीख को अलम मेहदी ताजिये का जुलूस नया बस स्टैंड शास्त्री वार्ड से निकाला जाएगा जो शहर के मुख्य मार्गो से निकलेगा जगह जगह लंगर शरबत तकसीम होगा । मोहर्रम की पहली तारीख से घरों घर कुरान ख्वानी की जा रही है । जामा मस्जिद में बाद नमाज ईशा शहीदाने करबला का बयान किया जा रहा है हाफिज व कारी जुबेर आलम ने बताया कि करबला हमें सच के लिए डटे रहने और मजलूम का साथ देने का सबक देती है । नगर में गंगा-जमुना तहजीब की मिशाल के साथ मोहर्रम पर्व मनाया जा रहा है। वही मोहर्रम की 5 तारीख को इमामबाड़ों की टिपारियो ने बाबाओ की आमद के साथ शहर में गश्त किया। नगर के बड़ेवली इमाम बाड़े सहित सभी इमामबाड़ों में सवारियां खड़ी हो गई है मोहर्रम की 7 तारीख को रात्रि में सवारियां रन करने निकलेगी । शक्ती चौक पर हसनी हुसैनी सोसायटी द्वारा लगाए गए परचम पर रोजाना शाम को नियाज़ फातेहा व शरबत का वितरण के साथ मोहर्रम का मजमा लग रहा है । परचम कुसाई के बाद शमा ए महफिल में शहीदी कलाम पेश किए गए । बरिया वाले दरगाह शरीफ पर लंगर का आयोजन किया गया अकीदत मंदो ने लंगर में शामिल होकर सबाबे दारेन हाशिल किया । मोहर्रम पर रोजाना चादर संदल दरगाहों पर पेश किया जा रहा है । कई घरों में ताजिये बनाने का काम चल रहा है बड़ेवली पर दादापीर का ताजिया बनता है । मोहर्रम की 10 तारीख को संजय मार्केट के सामने सुबह से ताजियों का मजमा लगेगा सभी लोग ताजियों की जियारत करने वहां पहुचते है । प्रशासन ने सभी लोगो से अपील की है कि मोहर्रम का पर्व सांप्रदायिक सौहार्द के साथ मनाएं । पुलिस प्रशासन ने भी बेहतर इंतजाम किए है। वही



जुलूस में व जहां जहां मजमा लगता है वहा पर पुलिस के जवानों को तैनात किया जा रहा है । नगर पालिका परिषद स्वच्छता पर ध्यान देते हुए समुचित साफ सफाई में लगी हुई है । एसडीएम मणिन्द्र सिंह, एसडीओपी ललित डागुर व नगर निरीक्षक अशोक चौहान ने भी मोहर्रम त्योहार को दृष्टिगत रखते हुए मुख्य स्थानों का निरीक्षण कर वहा की व्यवस्थाओं का जायजा लिया । जामा मस्जिद कमेटी अध्यक्ष अबरार खान, मध्य प्रदेश मुस्लिम विकास परिषद के अब्दुल फिरोज खान, मेहमूद पहलवान, त्योहार कमेटी अध्यक्ष मुजीब खान, हसनी हुसैनी सोसायटी अध्यक्ष लकी अली ने सभी ताजिये दारो व इमाम बाड़े वालो से कहा कि मोहर्रम का त्यौहार

## अधिकारियों की अनुदेखी कही जावे या फिर कृपा दृष्टि भरे परिणाम के चलते क्षेत्र में खुलेआम तारों में कंटी लगाकर की जा रही बिजली चोरी...?

**हरिभूमि न्यूज/कल्याणपुर।** जहां एक ओर आम उपभोक्ताओं को बिजली विभाग द्वारा मनमाने बिल देते हुये उनसे बसूली की जा रही है तो दूसरी ओर खुलेआम हो रही बिजली चोरी की सच्चाई को बिजली विभाग के अधिकारियों से लेकर कर्मचारियों द्वारा नजर अंदाज किये जाने का परिणाम है कि बिजली चोरी करने वालों के हौसले लगातार बुलंद होते चले जा रहे है। कल्याणपुर क्षेत्र में खुलेआम हो रही बिजली चोरी को लेकर क्षेत्र के लोगों का कहना है कि क्षेत्र जिस प्रकार बिजली विभाग द्वारा अपने निष्ठावान उपभोक्ताओं को मनमाने बिल दिये जा रहे है उसमें वह बिल भी शामिल किये जा रहे है जो पहले सरकार द्वारा माफ किये जाने की बात कही गई थी? क्योंकि ग्रामीण क्षेत्रों में उपभोक्ता इतना पढ़ा लिखा नही होता हे कि बिजली विभाग के अधिकारियों द्वारा की जाने वाली इस गफलतबाजी को आसानी से समझ सके? मगर अब देखा जा रहा है कि बिजली विभाग द्वारा पूर्व में शून्य किये गये बिलों को जोड़कर आम उपभोक्ताओं से बसूली की जा रही है जिसके चलते जहां निष्ठावान विद्युत उपभोक्ता जहां बिजली विभाग की मनमानी से परेशान होते हुये देखे जा रहे है तो दूसरी



ओर चोरी से बिजली का उपयोग करने वाले अधिकारियों की कृपा दृष्टि के चलते मजे में दिखाई दे रहे है? इतना ही नही क्षेत्र में अनेक जगहों पर बिजली विभाग की मिली भगत व कृपा दृष्टि हो हो रही बिजली चोरी के चलते जब क्षेत्र की खपत अधिक होती है तो ऊपर से बिजली बिलों में आर्थिक भार अधिक होने के चलते बिजली विभाग के अधिकारियों द्वारा आम उपभोक्ताओं के बिलों में मन के माफिक बढ़ोत्तरी करते हुये बसूली करने में कोई कसर नही छोड़ी जाती है? बताया जाता है कि जिस तरह बिजली विभाग द्वारा उपभोक्ताओं के घरों में मीटर लगाते हुये उसकी रिडिंग के आधार पर बिल बसूले जाते है उसकी प्रकार से क्षेत्र के लिये भी निर्धारित मात्रा में उच्च स्तर पर बिजली सप्लाई करते हुये उसका लेखा जोखा रखा जाता है और संपूर्ण क्षेत्र का लेखा जोखा करते हुये संबंधित वितरण केन्द्र के कार्यालय को बसूली का जिम्मा सौपा जाता है। वितरण केन्द्र को उच्च स्तर से मिले हुये बिल में चोरी से बिजली उपयोग करने वालें की खपत भी शामिल हो जाती है और उसी अंतर को पूरा करने के लिये स्थानीय स्तर पर बिजली विभाग द्वारा निष्ठावान उपभोक्ता जिनके घरों में मीटर लगे हुये होते है उनके बिलों में इजाफा करते हुये बसूली की जाती है? क्योंकि उदाहरण के लिये देखा जावे तो संपूर्ण क्षेत्र में मान लिया जावे एक माह में 100 यूनिट बिजली प्रदान की गई है जिसमें 50 यूनिट बिजली निष्ठावान उपभोक्ताओं द्वारा उपयोग की गई और 50 यूनिट बिजली चोरी हो जाती है। मगर वितरण केन्द्र को तो ऊपर 100 यूनिट बिजली का ही हिसाब व बिल देना होता है। इस तरह चोरी हुई बिजली का हिसाब मिलाने के लिये उनके हिस्से का बिल भी ईमानदार उपभोक्ताओं के बिलों में जोड़कर बसूल करने से नही चूकते है और इसी का परिणाम है कि बिजली चोरी करने वालों के हौसले बुलंद होने से वह बगैर पैसा खर्च किये हुये अधिकारियों की कृपा दृष्टि से बिजली का उपयोग करने से नही चूक रहे है? क्योंकि बिजली विभाग के अधिकारी यदि निष्ठा के साथ अपने दायित्वों का निर्वाहन करने लगे तो एक यूनिट बिजली चोरी होना भी संभव नही हो सकता है? मगर जब जिम्मेदार अधिकारियों की बिजली चोरी करने वालों पर कृपा दृष्टि बनी होगी तो बिजली चोरी को रोकना भी संभव नही हो सकता है? और इसी का परिणाम है कि क्षेत्र में जहां तहां बिजली लाईनों से कंटी फसी हुई आसानी से देखने मिल रही है जहां पर आये दिन बिजली विभाग के अधिकारियो से लेकर कर्मचारियों का आना जाना लगा रहने के बाद भी किसी भी प्रकार की कार्यवाही न होना निश्चित तौर से अधिकारियों की भूमिका पर सबाल खड़े करते हुये संदिग्ध बनाने से नही चूक पा रही है?

## आज निकलेगा कुर्सी अलम-मेहंदी ताजिया, शहीदाने करबला की याद में डूबा नगर

**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।** मुस्लिम भाईयों के चलते रहे मोहर्रम पर्व के दौरान शहीदाने करबला की कुर्बानी की याद में मनाए जा रहे है। वही मोहर्रम पर्व के तहत आज 7 मोहर्रम को नगर में कुर्सी अलम-मेहंदी ताजिया का जुलूस बड़े ही अकीदत और एहतराम के साथ निकाला जाएगा । मुस्लिम समुदाय



हुसैनी जज्बे और गम-ए-हुसैन में डूबा नजर आ रहा है । आज 4 बजे शास्त्री वार्ड स्थित नया बस स्टैंड से कुर्सी अलम-मेहंदी ताजिया जुलूस रवाना होगा। जुलूस चौकी चावड़ी, महावीर भवन, शक्ति चौक, श्याम टॉकीज, शुक्रवारा बाजार, झंडा चौक होते हुए देर रात वापस अपने मुकाम पहुंचेगा। जुलूस मार्ग पर अकीदतमंदों द्वारा जगह-जगह लंगर, शरबत, पानी का वितरण किया जाएगा । आज रात में नगर के सभी इमामबाड़ों से सवारियां बाबाओं की आमद के साथ रन करेंगी। ढोल-ताशों की गूंज और या हुसैन की सदाओं के बीच सवारियां शहर के मुख्य मार्गों पर गश्त करेंगी। नगर में रोजाना हुसैनी लंगर का आयोजन हो रहा है। इमामबाड़ों, दरगाहों और जहां-जहां परचम लगे हुये हैं। वहां आकर्षक विद्युत साज-सज्जा की गई है। लाउड स्पीकर पर देर रात तक शहीदी कलाम, गूंज रहे हैं। नगर के शक्ति चौक पर हसनी हुसैनी सोसायटी के द्वारा लगाए गए परचम के पास एवं मार्ग पर रंग बिरंगी विद्युत लाईट जगमगा रही है आज वहा पर विशेष मजमा रहेगा। मोहर्रम में गाडरवारा की गंगा-जमुना तहजीब देखने लायक रहती है इसी के चलते हर साल की भांति इस साल भी सभी वर्ग के लोग सौहार्दपूर्ण वातावरण मोहर्रम का पर्व मना रहे हैं।

## शासन की जननी योजना हुई फेल ग्रामीण अंचलों मे नही मिल रहा इसका लाभ

**हरिभूमि न्यूज/खुलरी।** शासन द्वारा जज्चा बच्चा की रक्षा की मंशा को ध्यान में रखते हुए कुछ वर्ष पहले शासकीय अस्पताल मे सुरक्षित प्रसव कराने के लिए ग्रामीण अंचलों की गर्भवती महिलाओं को शासकीय अस्पताल तक निःशुल्क पहुंचाने हेतु जननी एक्सप्रेस योजना लागू की गई है, लेकिन यह योजना अब ग्रामीण क्षेत्र मे दम तोड़ती नजर आ रही है? क्योकि जिला एवं तहसील अस्पताल मे दूरस्थ ग्रामीण अंचलों से प्रसव कराने पहुंच रही अधिकांश महिलाओं मोटी रकम देकर स्वयं के खर्चे वाहन की व्यवस्था करना पड़ता है। हितग्रहियों की हमेशा यही शिकायत रहती है कि बार बार जननी एक्सप्रेस को फोन लगाने पर या फोन उठाया ही नही जाता या अगर उठाया भी जाता है कि वाहन कही और दूसरी गर्भवती महिला को लाने गया है का बहाना बताया जाता है, इस तरह से मजबूरी मे लोगों को निजी वाहन करके अस्पताल आना पड़ता है। नही हुए सार्थक प्रयास-प्राप्त जानकारी के अनुसार गाडरवारा तहसील स्तर की शासकीय अस्पताल होने के कारण इस क्षेत्र में तीनो ब्लाक सांईखेड़ा, चावरपाठा व चीचली आते है, जिसमें प्रमुख रूप से देखा जावे तो यदि कोई व्यक्ति भौरझिर, घघरोला, पटना, सूरना, करहैया से गाडरवारा जाने के लिए इस जननी एक्सप्रेस का लाभ लेना चाहता है तो उसे कह दिया जाता है कि उसे गाडरवारा से यह सुविधा मिलना मुश्किल है, इस स्थिति में उसे निजी वाहन का उपयोग करना पड़ता है, तो सरकार की इस योजना का क्या लाभ जब गांव के लोगों को इसका फायदा नही मिल पा रहा है तो? गरीबी मे आटा गीला-कुछ ग्रामीणों से पूछने पर उन्होने बताया कि उनसे ड्रायवरों द्वारा भी अलग से राशि की मांग की जाती है। वही जैसे तैसे उनके द्वारा अधिक राशि मे एबूलेंस की व्यवस्था की जाती है और उस पर एक चोट अलग से लग जाती है। जिससे उनके सामने गरीबी मे भी आटा गीला करने वाली बात बन जाती है।

## खबर संक्षेप

### अपहरण और फिरौती मांगने के मामले में शासन की अपील खारिज

**अनूपपुर।** वर्ष 2019 में एक 13 वर्षीय बालक के कथित अपहरण एवं फिरौती मांगने के मामले में बड़ा कानूनी फैसला सामने आया है। माखन पटेल, रामजी राठौर, कान्हा कहार निवासी अनूपपुर के विरुद्ध मध्यप्रदेश शासन द्वारा दायर की गई क्रिमिनल अपील को उच्च न्यायालय जबलपुर ने खारिज कर दिया है। न्यायालय ने ट्रायल कोर्ट द्वारा दिए गए बरी करने के निर्णय को सही मानते हुए उसमें हस्तक्षेप करने से इनकार कर दिया है। जानकारी के अनुसार वर्ष 2019 में अनूपपुर पुलिस ने उक्त तीनों युवकों के विरुद्ध भारतीय दंड संहिता की धारा 363, 366-ए एवं 365 के तहत मामला दर्ज किया था। आरोप था कि 13 वर्षीय बालक का अपहरण कर फिरौती की मांग की गई थी। मामले की विवेचना के बाद पुलिस ने आरोप पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया था। प्रकरण के परीक्षण के दौरान ट्रायल कोर्ट ने उपलब्ध साक्ष्यों, गवाहों के बयान एवं अभिलेखों का परीक्षण किया। सुनवाई के उपरांत न्यायालय ने अभियोजन पक्ष के आरोपों को संदेह से परे सिद्ध नहीं माना और तीनों आरोपियों को दोषमुक्त करते हुए बरी कर दिया था। ट्रायल कोर्ट के इस निर्णय को चुनौती देते हुए मध्यप्रदेश शासन ने उच्च न्यायालय जबलपुर में क्रिमिनल अपील प्रस्तुत की थी। अपील की सुनवाई के दौरान आरोपी पक्ष की ओर से अधिवक्ता दीपक कुमार पांडे ने पैरवी की। 16 जून को अंतिम बहस पूरी होने के बाद उच्च न्यायालय ने मामले में अपना निर्णय सुनाते हुए ट्रायल कोर्ट के फैसले को सही माना तथा शासन की अपील को निरस्त कर दिया है। उच्च न्यायालय के इस निर्णय के साथ ही आरोपियों को मिली बरी की राहत बरकरार रहेगी और प्रकरण में शासन की चुनौती समाप्त हो गई है।

### बिना लाइसेंस खाद्य व्यवसाय पर 20 हजार का अर्थदंड

**कटनी।** बिना लाइसेंस खाद्य व्यवसाय संचालित करने के मामले में अपर कलेक्टर एवं न्याय निर्णायक अधिकारी नीलांबर मिश्रा ने खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के तहत कार्रवाई करते हुए ग्राम बंजारी स्थित सलमान किराना के प्रतिष्ठान संचालक पर 20 हजार रुपये का अर्थदंड लगाया है। खाद्य सुरक्षा अधिकारी ब्रजेश कुमार विश्वकर्मा ने 23 जुलाई 2025 को उक्त दुकान का औचक निरीक्षण किया था। निरीक्षण के दौरान संचालक से खाद्य व्यवसाय संचालन हेतु लाइसेंस या पंजीयन प्रस्तुत करने को कहा गया, लेकिन वह कोई वैध दस्तावेज उपलब्ध नहीं करा सका। जांच में यह पाया गया कि बिना लाइसेंस खाद्य सामग्री का क्रय-विक्रय करना खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 की धारा 26(1), 31(2) सहपठित धारा 50 का उल्लंघन है। इस आधार पर प्रकरण दर्ज कर सुनवाई की गई। सुनवाई के दौरान संचालक सलमान खान ने कहा कि उन्हें लाइसेंस की आवश्यकता की जानकारी नहीं थी। हालांकि न्यायालय ने इसे स्वीकार नहीं किया और निरीक्षण के समय लाइसेंस उपलब्ध न होने को गंभीर मानते हुए अधिनियम की धारा 58 के तहत 20 हजार रुपये का आर्थिक दंड लगाया।

### आदतन अपराधी को विरूद्ध जिला बदर की हुई कार्यवाही

**कटनी।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी आशीष तिवारी ने ग्राम देवरीसानी, थाना माधवनगर निवासी रामसुजान उर्फ लल्लू बर्मन पिता स्व. जगदीश प्रसाद बर्मन 40 वर्ष के विरुद्ध जिलाबदर की कार्यवाही करते हुए आगामी 5 महीनों के लिए जिले की राजस्व सीमाओं से बाहर जाने का आदेश पारित किया है। कलेक्टर श्री तिवारी ने यह कार्यवाही पुलिस अधीक्षक से प्राप्त प्रतिवेन के आधार पर की है।

## पांच दिन से लापता था इमरान तीन थानों की पुलिस कर रही थी तलाश

# जंगल में मिला 5 वर्षीय लापता मासूम का शव परिजनों ने जताई हत्या की आशंका

डिंडौरी।

जिले के करंजिया क्षेत्र में एक हृदयविदारक घटना ने पूरे इलाके को झकझोर कर रख दिया है। 17 जून से लापता 5 वर्षीय बालक इमरान का शव सोमवार सुबह जंगल में क्षत.विक्षत अवस्था में मिला। शव के अंग अलग.अलग स्थानों पर मिलने से परिजनों एवं ग्रामीणों ने हत्या की आशंका व्यक्त की है। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक आशीष खरे स्वयं मौके पर पहुंचे और सभी संभावित पहलुओं से जांच के निर्देश दिए।करंजिया थाना क्षेत्र के ग्राम तरेरा निवासी इख्तियार खान का 5 वर्षीय पुत्र इमरान 17 जून की सुबह लगभग 7 बजे घर से अचानक लापता हो गया था। परिजनों ने अपने स्तर पर उसकी काफी तलाश कीए लेकिन कोई सुराग नहीं मिलने पर करंजिया थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी।






गुमशुदा बालक की तलाश में करंजियाए समनापुर और बजाग थानों की पुलिस लगातार सर्च अभियान चला रही थी। सोमवार सुबह एक ग्रामीण महिला ने जंगल में किसी बच्चे के शव के अंग बिखरे होने की सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची तो कपड़ों के आधार पर शव की पहचान इमरान के रूप में की गई। बताया जा रहा है कि शव के अंग घर से लगभग तीन से चार किलोमीटर दूर जंगल में विभिन्न स्थानों पर मिले हैं।

### एफएसएल और डॉग स्क्वॉड की मदद से जांच

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक आशीष खरे घटनास्थल पहुंचे और मौके का बारीकी से निरीक्षण किया। जांच में एफएसएल एवं डॉग स्क्वॉड की सहायता ली जा रही है। पुलिस ने हत्याए दुर्घटना तथा जंगली जानवर के हमले सहित सभी संभावित पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जांच शुरू कर दी है। शव के अवशेषों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

पुलिस की प्रारंभिक जांच में जंगली जानवर के हमले की संभावना जताई जा रही हैए क्योंकि शव के अंग अलग.अलग स्थानों पर पाए गए हैं। वहीं परिजन और ग्रामीण इस घटना को हत्या का मामला मान रहे हैं और निष्पक्ष जांच की मांग कर रहे हैं।

### पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार

पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का स्पष्ट खुलासा हो सकेगा। पुलिस अधीक्षक ने आश्वस्त किया है कि मामले की हर एंगल से जांच की जा रही है और यदि किसी की संलिप्तता पाई जाती है तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। घटना के बाद क्षेत्र में भय और शोक का माहौल है।

## चेन स्नेचिंग के फरार आरोपी को चिन्हित कर कोतमा पुलिस ने आरोपी मंजय नट को किया गिरफ्तार

**कोतमा।** 19 मई को फरियादी जितेंद्र त्रिपाठी निवासी वार्ड नंबर 05 कोतमा ने थाने आकर रिपोर्ट दर्ज कराई कि 17 मई को शाम के समय मेरी मां सरोज तिवारी कोतमा बाजार से सब्जी खरीद कर घर जा रही थी तभी जखीरा चौक के पास एक मोटरसाइकिल से दो व्यक्ति खड़े थे इसमें से एक ने झपट्टा मारकर मेरी मां के गले में पहनी हुई सोने की चेन को खींचा और दोनों व्यक्ति मोटरसाइकिल से भाग गए। घटना की रिपोर्ट पर धारा 304 (2) एवं 3(5) का अपराध कायम कर घटना की विवेचना में अज्ञात आरोपियों की पता तलाश सरगर्मी से की गई। पुलिस अधीक्षक विक्रांत मुराब के निर्देशन में उक्त मामले की पतासाजी हेतु थाना प्रभारी कोतमा रत्नांबर शुक्ल के द्वारा एक टीम गठित की गई। पुलिस टीम ने लगभग 50 से अधिक सीसीटीवी कैमरा के फुटेज खंगाले तथा फुटेज मे आई आरोपियों के फोटो और वीडियो को विभिन्न पुलिस ग्रुप में तथा सोशल मीडिया में शेयर किया। लगातार पता तलाश के दौरान जानकारी मिली की घटना मंजय नट (कंजर) पिता कान्हा राम नट उम्र 32 साल निवासी पत्थलगांव जिला जसपुर छत्तीसगढ़ तथा सोनू नट निवासी पत्थलगांव जिला जसपुर छत्तीसगढ़ द्वारा की गई है साथ ही घटना की रैकी तथा सहयोग में उनके साथ आकाश नट निवासी पत्थलगांव एवं बाबू सिंह निवासी कोलकाता भी शामिल थे। पुलिस द्वारा आरोपियों की लगातार तलाश की जा रही थी जिसमें से आरोपी मंजय नट (कंजर) को 21 जुन को कोतमा रेलवे स्टेशन के आगे रेल पटरी के पास से गिरफ्तार किया गया है तथा आरोपी से पूछताछ के बाद उसके कब्जे से सोने की चेन को बेचने से हिस्से में मिले रूपए में से 3300 रुपये जप्त किए गए हैं। आरोपी को न्यायालय पेश किया जा रहा है एवं अन्य आरोपियों की पता तलाश लगातार जारी है। उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार आरोपी मंजय नट अत्यंत शातिर तथा आदतन लुटेरा व झपटमार है, जिसके ऊपर उड़ीसा, छत्तीसगढ़ तथा झारखंड के अलग अलग थानों में 20 से अधिक मामले दर्ज हैं। पूछताछ के दौरान आरोपी मंजय नट ने बिजुरी, झारसुगुड़ा, सक्ती तथा पन्ना जिले में भी इसी तरह की घटना करना बताया है। जिस पर संबंधित पुलिस थानों को कार्यवाही हेतु सूचित किया गया है। उक्त कार्रवाई में थाना प्रभारी कोतमा निरीक्षक रत्नांबर शुक्ल के साथ प्रधान आरक्षक रामखेलावन यादव, प्रधान आरक्षक दिनेश राठौर, प्रधान आरक्षक संजीव त्रिपाठी, आरक्षक अभय त्रिपाठी एवं आरक्षक धर्मेंद्र जाटव की अहम भूमिका रही।

## सी ग्रेड में रहने वाले अधिकारियों को शो-कॉज नोटिस जारी करने के निर्देश

**उमरिया।** कलेक्टर श्रीमती राखी सहाय की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में समय-सीमा बैठक आयोजित की गई। बैठक में सीएम हेल्पलाइन सहित विभिन्न विभागों के लंबित प्रकरणों की समीक्षा की गई तथा अधिकारियों को शिकायतों एवं आवेदनों का समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण एवं संवेदनशीलता के साथ निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। इस दौरान कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाइन में लगातार सी ग्रेड में बने रहने वाले विभाग प्रमुखों को शो-कॉज नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।
बैठक में आयुक्त शहडोल संभाग कार्यालय से प्राप्त आवेदनों, जनसुनवाई प्रकरणों, न्यायालयीन मामलों, मानवाधिकार आयोग से संबंधित पत्रों तथा फेक न्यूज प्रकरणों की विभागवार समीक्षा की गई। कलेक्टर श्रीमती सहाय ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि शिकायतों के निराकरण में किसी भी प्रकार की लापरवाही अथवा अनावश्यक विलंब स्वीकार नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि अधिकारी स्वयं शिकायतों की गंभीरता को समझते हुए उनका प्रभावी एवं संतोषजनक निराकरण सुनिश्चित करें।



कलेक्टर ने प्रवासी श्रमिकों के पंजीयन कार्य में गति लाने के निर्देश भी दिए। साथ ही स्वास्थ्य विभाग की आयुष्मान कार्ड निर्माण में अपेक्षित प्रगति नहीं होने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए अभियान चलाकर अधिक से अधिक पात्र हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड बनाने के निर्देश दिए। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अभय सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आलोक कुमार शर्मा, संयुक्त कलेक्टर श्रीमती रीता डेहरिया, अमित सिंह, वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से एसडीएम मानपुर सुश्री हरनीत कौर कसली, एसडीएम पाली सुश्री मीनाक्षी इंगले, डिप्टी कलेक्टर कमलेश राम नीरज, डिप्टी कलेक्टर श्री प्रत्युष श्रीवास्तव सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## जल संरक्षण के दावों के बीच बदहाल पड़े पारंपरिक जल स्रोत

अमरपुर।

प्रदेश में जल संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से शासन द्वारा ष्जल गंगा संवर्धन अभियानष् संचालित किया जा रहा है। इसके तहत पिछले दो वर्षों में अमृत सरोवर तालाबों के निर्माण एवं विकास पर लाखों रुपये खर्च किए गए हैं। हालांकि क्षेत्र के अधिकांश अमृत सरोवर अपने मूल उद्देश्य को पूरा करने में सफल नहीं हो पाए हैं और वर्तमान में सूखे पड़े हैं।इन तालाबों का निर्माण वर्षा जल के संरक्षणए किसानों को सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराने तथा स्व.सहायता समूहों के माध्यम से मत्स्य पालन एवं सब्जी उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए किया गया था। लेकिन तकनीकी खामियों और उचित रखरखाव के अभाव में अधिकांश सरोवरों में पानी का पर्याप्त संचयन नहीं हो सका।

वहीं दूसरी ओर क्षेत्र के कई पुराने एवं ऐतिहासिक जल स्रोत संरक्षण की प्रतीक्षा कर रहे हैं। जनपद पंचायत मुख्यालय अमरपुर के समीप ग्राम पंचायत रामगढ़ स्थित एक प्राचीन तालाब इसका उदाहरण है। स्थानीय लोगों के अनुसार यह तालाब तत्कालीन रामगढ़ रियासत की रानी गणेशी बाई द्वारा लगभग वर्ष 1935 में बनवाया गया था। वर्षों तक यह तालाब ग्रामीणों की दैनिक जरूरतों तथा मवेशियों के लिए प्रमुख जल स्रोत बना रहा।वर्तमान में यह तालाब गंदगी और खरपतवार से भर गया है। जलभराव क्षेत्र में फैली जलकुंभी और अन्य वनस्पतियों के कारण पानी हरा एवं दुर्गंधयुक्त हो गया है। स्थिति यह है कि पालतू पशु और वन्य जीव भी इस जल का उपयोग करने से बच रहे हैं।



ग्रामीणों का कहना है कि यदि अमरपुर क्षेत्र में स्थित पुराने तालाबों और जल स्रोतों का गहरीकरणए विस्तारीकरण एवं मरम्मत कार्य कराया जाए तो बड़ी मात्रा में वर्षा जल का संरक्षण संभव हो सकेगा। इससे न केवल ग्रामीणों और पशुओं को लाभ मिलेगाए बल्कि गर्मी के मौसम में वन्य जीवों को भी पानी की तलाश में भटकना नहीं पड़ेगा।क्षेत्रवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि नए जल संरचनाओं के साथ.साथ ऐतिहासिक और पारंपरिक जल स्रोतों के संरक्षण एवं पुनर्जीवन पर भी विशेष ध्यान दिया जाए।

## खरीफ सीजन की तैयारियों की समीक्षा ए गुणवत्तापूर्ण खाद.बीज उपलब्ध कराने के निर्देश

**डिंडौरी।** कृषि उत्पादन आयुक्त केण्सीण गुप्ता ने खरीफ सीजन की तैयारियों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को किसानों के लिए गुणवत्तापूर्ण खाद एवं बीज की उपलब्धता सुनिश्चित करने तथा नकली कृषि आदानों की बिक्री पर कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने किसानों को संतुलित मात्रा में उर्वरकों के उपयोग के प्रति जागरूक करने पर भी विशेष जोर दिया।वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित समीक्षा बैठक में सागर एवं जबलपुर संभाग के जिलों में कृषि आदानों की उपलब्धताए प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनाए प्राकृतिक खेती तथा सहकारिता विभाग की गतिविधियों की विस्तृत समीक्षा की गई। इस दौरान कृषि उत्पादन आयुक्त ने निर्देश दिए कि जांच में अमानक या नकली खाद.बीज पाए जाने पर संबंधित फर्मों और व्यक्तियों के विरुद्ध अनिवार्य रूप से एफआईआर दर्ज कराई जाए।



उन्होंने कहा कि किसानों को उच्च गुणवत्ता के कृषि आदान उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है। इसके लिए जिला प्रशासन एवं कृषि विभाग के अधिकारी पूरी जवाबदेही के साथ कार्य करें। साथ ही कृषि अधिकारियों को गांव.गांव पहुंचकर किसानों को फसलवार उर्वरक प्रबंधन एवं संतुलित खाद उपयोग की जानकारी देने के निर्देश भी दिए गए।बैठक में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के लंबित मामलों के शीघ्र निराकरण पर जोर देते हुए किसानों को समय पर योजना का लाभ उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए। इसके अलावा प्राकृतिक खेती को प्रोत्साहित करने तथा कम पानी में तैयार होने वाली फसलों को अपनाने के लिए किसानों को प्रेरित करने की बात कही गई।सहकारिता विभाग की समीक्षा के दौरान किसानों को कृषि कार्यों के लिए सरल एवं सुगम प्रक्रिया के माध्यम से अल्पकालीन ऋण उपलब्ध कराने तथा बकाया ऋणों की वसूली पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए गए। साथ ही वनाधिकार पट्टाधारी किसानों को भी प्राथमिकता के आधार पर ऋण सुविधा उपलब्ध कराने पर बल दिया गया।समीक्षा बैठक में कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदौरियाए जिला पंचायत सीईओ दिव्यांशु चौधरी सहित कृषिए उद्यानिकीए पशुपालनए मत्स्य एवं सहकारिता विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

## 10 करोड़ की मॉडल सड़क बन गई पार्किंग का अड्डा

**कोतमा।** नगर के सौंदर्यीकरण एवं व्यवस्थित आवागमन की सुविधा उपलब्ध करवाने के लिए शासन के द्वारा ढेड साल पहले बनिया टोला से केरहा नाला तक सीमेंट युक्त माडल सडक का निर्माण कार्य करवाया गया है। निर्माण के शुरुआती दिनों से ही यह सड़क विवादों से घिरी रही सड़क पूरी तरह से भ्रष्टाचार की भेद चढ़ गई रही सही कसर दुकानदारों ने पूरी कर दी है। केशवाही चौराहा से केरहा नाला तक दुकानदारों के द्वारा अपने वाहनों को सड़कों पर ही खड़ा करते हुए नियमित रूप से पार्किंग का अड्डा घोषित कर दिया है। गहोई मिल के सामने से दुकानदारों के द्वारा चार पहिया एवं बड़े वाहन सहित पिकअप वाहन को आगे सड़क में खड़ा करते हुए पार्किंग का अड्डा बना दिया गया है। वही मोटर गैरेज दुकानदारों के द्वारा सड़क पर ही वाहनों को खड़ा करते हुए रिपेयरिंग का कार्य किया जाता है। सड़क में दो पहिया वाहन को खड़ा कर दिया जाता है। केशवाही तिराहा से केरहा नाला के बीच बनी माडल सड़क मे ही भवन निर्माता के द्वारा निर्माण सामग्री रेत गिट्टी ईट छड को सड़क रखवा दिया जाता है। जिसके कारण एक ओर की सड़क का आवागमन पूरी तरह से बाधित हो जाता है।

## बिजुरी पुलिस द्वारा चोरी व लूट का अंतर्राज्यीय आरोपी गिरफ्तार

**घटना में प्रयुक्त वाहन एवं चोरी की पूरी रकम बरामद**

बिजुरी। बिजुरी पुलिस को एक बड़ी सफलता मिली है पुलिस टीम ने चोरी और लूट की वारदातों को अंजाम देने वाले शातिर अंतर्राज्यीय आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी गया मशरूका एवं घटना में प्रयुक्त वाहन बरामद किया है। 31 मई को फरियादी रामबहोर साहू (निवासी कोठी) ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 30 मई को बिजुरी अस्पताल के पास खड़ी उनकी बाइक की डिग्गी से किसी अज्ञात चोर ने 50,000 और जरूरी कागजात पार कर दिए थे। शिकायत पर धारा 303(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। पुलिस टीम द्वारा घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जाने पर संदेही की पहचान ओमप्रकाश सिसोदिया उर्फ बच्चा कंजर (निवासी भोलगढ़, अनूपपुर) के रूप में हुई। शातिर चोर की तलाश के लिए पुलिस टीम द्वारा लगातार उसके ठिकानों पर दबिश दी जा रही थी। सतत प्रयासों के चलते आरोपी 22 जुन को खमरौत चाका, जिला शहडोल से पुलिस अभिरक्षा में आया। पुलिस अभिरक्षा में लेने के बाद आरोपी से हिकमत अमली से पूछताछ की गई, जिसमें उसने थाना बिजुरी की इस चोरी के साथ-साथ थाना रामनगर क्षेत्र में भी इसी प्रकार की घटना को अंजाम देना स्वीकार किया। आरोपी की निशानदेही पर पुलिस ने मामले में चोरी की गई रकम 47,500 (मशरूका) और वारदात में प्रयुक्त वाहन (मोटर सायकल) को बरामद कर वैधानिक कार्यवाही की है। यह तथ्य उल्लेखनीय है कि उपरोक्त आरोपी एक शातिर और आदतन अपराधी है, जिसके विरुद्ध मध्य प्रदेश के विभिन्न जिलों (सतना, रीवा, सिंगरौली) और छत्तीसगढ़ राज्य में चोरी, लूट, नकाबजनी और आर्म्स एक्ट के 15 से अधिक आपराधिक मामले दर्ज हैं। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी निरीक्षक विकास सिंह, उपनिरीक्षक विपुल शुक्ला, सउनि उदय प्रजापति, आरक्षक लक्ष्मण दांगी, मनोज उपाध्याय, रवि सिंह, रामनिवास गुर्जर, विश्वजीत मिश्रा और करमजीत सिंह की मुख्य भूमिका रही। बिजुरी पुलिस सभी नागरिकों से अपील करती है कि अपने वाहनों में नगदी, कीमती सामान या आवश्यक दस्तावेज असुरक्षित स्थिति में न छोड़ें। बैंक से बड़ी रकम निकालने के बाद विशेष सावधानी बरतें।

## ग्रामीणों ने संभाली जल स्रोतों की जिम्मेदारी, बावड़ी उत्सव में दिखा उत्साह





**डिंडौरी।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के तत्वावधान तथा कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदौरिया के निर्देशन में जल गंगा संवर्धन अभियान के तृतीय चरण के अंतर्गत गोरखपुर क्षेत्र के ग्राम चंदना स्थित आमाकोन्हा अमरकुंड ;लालपुरद्ध में सोमवार को बावड़ी उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया।विश्व योग दिवस के अवसर पर आयोजित इस कार्यक्रम में नवांकुर संस्था चंदना एवं नवांकुर संस्था गोपालपुर ;लालपुरद्ध के सदस्यों तथा ग्रामीणों ने सामूहिक श्रमदान कर बावड़ी की साफ.सफाई की। श्रमदान के दौरान बावड़ी में जमी गाद एवं काई को हटाकर जल स्रोतों के संरक्षण और स्वच्छता का संदेश दिया गया। साथ ही उपस्थित ग्रामीणों को जल संरक्षण की शपथ भी दिलाई गई।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला समन्वयक धर्मेन्द्र चौहान ने जल चौपाल के माध्यम से कहा कि वर्षा ऋतु से पूर्व गांवों में स्थित पारंपरिक जल संरचनाओं जैसे कुएंए बावड़ियां एवं तालाबों का संरक्षण और पुनर्जीवन अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि शासन के प्रयास तभी सार्थक होंगे जब समाज की स्वैच्छिक भागीदारी और जनसहयोग भी सुनिश्चित हो।

विकासखंड समन्वयक भानूप्रताप मरावी ने कार्यक्रम का संचालन किया। इस अवसर पर ग्रामीणों ने पौधारोपण एवं पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लेते हुए जल स्रोतों की नियमित देखरेख का भी संकल्प लिया।कार्यक्रम में नवांकुर संस्थाओं के पदाधिकारीए ग्राम विकास समिति के सदस्यए सीएमसीएलडीपी परामर्शदाता तथा बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। सभी ने जल संरक्षण को जन आंदोलन बनाने और प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण के लिए सक्रिय सहभागिता का संकल्प लिया।

## बाढ़ एवं अतिवृष्टि से निपटने जिला स्तरीय कंट्रोल रूम स्थापित, 24 घंटे तैनात रहेंगे कर्मचारी

**अनूपपुर।** आगामी मानसून को दृष्टिगत रखते हुए जिले में बाढ़ एवं अतिवृष्टि की संभावित स्थिति से निपटने तथा मैदानी स्तर के अमले से बेहतर समन्वय स्थापित करने के लिए कलेक्टर हर्षल पंचोली द्वारा जिला स्तरीय कंट्रोल रूम सक्रिय करने के आदेश जारी किए गए हैं। यह नियंत्रण कक्ष कार्यालय कलेक्टर अनूपपुर के कक्ष क्रमांक 56 (जिला आपदा नियंत्रण कक्ष) में स्थापित किया गया है, जहाँ आगामी समय में 24 घंटे दूरभाष एवं ई-मेल के माध्यम से मॉनिटरिंग की जाएगी। कलेक्टर द्वारा जारी आदेश के अनुसार, जिला आपदा नियंत्रण कक्ष में सुचारू व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए कर्मचारियों की तीन शिफ्टों में ड्यूटी लगाई गई है। प्रातः 08:00 बजे से दोपहर 02:00 बजे तक मनोज कुमार रौतेल (मो. नं. 9131271968), दोपहर 02:00 बजे से रात्रि 08:00 बजे तक सुश्री कमलेश्वरी यादव (मो.नं. 9301522935) तथा सुश्री सपना रजक (मो. नं. 9685158619) एवं रात्रि 08:00 बजे से प्रातः 08:00 बजे तक भोलेलाल कोल (मो. नं. 9171365430) की ड्यूटी लगाई गई है। जिला स्तरीय कंट्रोल रूम (दूरभाष क्रमांक 0755-2840603, 07659-181 एवं ई-मेल आईडी) के सफल संचालन एवं समन्वय हेतु जिला प्रबंधक, लोक सेवा प्रबंधन विभाग श्रीमती सोनू सिंह राजपूत (मो. नं. 9424507799) को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। कंट्रोल रूम के माध्यम से जिले में वर्षा की स्थिति, नदी-नालों के जलस्तर और जलभराव की सूचनाओं पर तत्काल संज्ञान लिया

## खबर संक्षेप

### एक माह की अभिनय नाट्य कार्यशाला आज से

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** मध्यप्रदेश नाट्य विद्यालय, भोपाल, संस्कृति विभाग, मध्यप्रदेश शासन, राजा मानसिंह तोमर से संबद्ध ग्वालियर के सहयोग से एम आई एम टी कॉलेज नरसिंहपुर एवं रंगसरोकार नाट्य समिति द्वारा आयोजित निशुल्क एक माह की प्रस्तुति परक अभिनय नाट्य कार्यशाला का शुभारंभ आज 23 जून को किया जावेगा। उक्त कार्यशाला 18 जुलाई तक चलेगी। इस कार्यशाला में जिले के युवा कलाकार अभिनय एवं रंगमंच की विभिन्न विधाओं का प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे। कार्यशाला में मंचीय प्रस्तुति, संवाद अदायगी, शरीर संचालन, भावाभिव्यक्ति, थिएटर गेम्स एवं नाट्य प्रशिक्षण के अन्य महत्वपूर्ण पक्षों पर विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा। कार्यशाला का संचालन मध्यप्रदेश नाट्य विद्यालय के प्रशिक्षित रंगकर्मी वरुण शर्मा एवं गीतिका देवदास द्वारा किया जाएगा। कार्यशाला का उद्घाटन इंजी. रूद्रेश तिवारी के मुख्य अतिथि में होगा।

### महिमा सिंह राष्ट्रपति की उपस्थिति में मिला स्वर्ण पदक



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** समीपी ग्राम सिंहपुर निवासी स्वर्गीय कैलाश सिंह राजपूत के परिवार की ज्ञान परंपरा को आगे बढ़ाते हुए उनकी नातिन शैल कुमारी राजपूत की पुत्री व प्रभाकर सिंह राजपूत की भांजी सुश्री महिमा सिंह ठाकुर ने उच्च शिक्षा में दूसरा स्वर्ण पदक प्राप्त किया है। महिमा ने रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर से सायबर सुरक्षा पाठ्यक्रम में स्नातकोत्तर पीजी उपाधि की प्रावीण्य सूची में प्रथम स्थान हासिल किया है। विश्वविद्यालय के 36वें दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि भारत की महामहिम राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू की गरिमामयी उपस्थिति रही। समारोह में मध्य प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार ने महिमा सिंह को उपाधि और स्वर्ण पदक प्रदान कर सम्मानित किया।

### रामकृष्णानंद जी महाराज झोतेश्वर के लिए प्रस्थान



**नरसिंहपुर।** श्री राजयोग आश्रम शंकराचार्य बाल लीला धाम में विराजमान अग्निपीठाधीश्वर आचार्य महामंडलेश्वर श्रीमद् रामकृष्णानंद महाराज का पावन सान्निध्य पाकर श्रद्धालु कृतकृत्य हुए। आश्रम व्यवस्थापक ब्रह्मचारी सोमेश्वरानंद महाराज ने बताया कि इस अवसर पर पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एन.पी. प्रजापति, डॉ. जयप्रकाश गुप्ता एवं गुलाब पटेल ने आश्रम पहुंचकर गुरुदेव का चरण-वंदन कर मंगल आशीर्वाद प्राप्त किया। इसके उपरांत, आचार्यश्री शाम 5 बजे श्री परमहंसी गंगा आश्रम, झोतेश्वर के लिए प्रस्थान कर गए। इस दौरान बड़ी संख्या में उपस्थित श्रद्धालुओं ने उन्हें भावभीनी विदाई दी।

### नगरीय क्षेत्रों में विशेष स्वच्छता अभियान जारी



**नरसिंहपुर।** स्वच्छता सर्वेक्षण-2026 के अंतर्गत जिले के नगरीय क्षेत्रों को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने के उद्देश्य से विशेष स्वच्छता अभियान 21 जून तक संचालित किया जा रहा है। कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह के निर्देशन में जिले के सभी नगरीय निकायों द्वारा नगर के विभिन्न वार्डों एवं सार्वजनिक स्थलों पर व्यापक स्तर पर साफ-सफाई कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने सभी मुख्य नगरपालिका अधिकारियों को निर्देशित किया है कि नगरीय क्षेत्रों में नियमित साफ-सफाई व्यवस्था सुनिश्चित की जाए तथा स्वच्छता संबंधी व्यवस्थाओं की सतत निगरानी रखी जाए। अभियान के तहत नगरीय वार्डों, प्रमुख मार्गों, बाजार क्षेत्रों, शासकीय परिसरों एवं अन्य सार्वजनिक स्थलों की विशेष सफाई कराई जा रही है। इसके साथ ही वर्षा ऋतु को दृष्टिगत रखते हुए जल निकासी व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए नालियों की सफाई की जा रही है।

### आशीष का सीसीआरटी जूनियर फेलोशिप चयन



**नरसिंहपुर।** जिले की कला के उभरते और प्रतिभावान युवा रंगकर्मी आशीष गढ़वाल का चयन वर्ष 2026 की सीसीआरटी जूनियर फेलोशिप के लिए हुआ है। भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय द्वारा उन्हें यह सम्मान थिएटर कला (रंगमंच) के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए प्रदान किया गया है।

## 150 मीटर लंबा कच्चा रास्ता बनाकर हो रहा खनन

# अवैध खनन पर नहीं लग पा रही लगाम

**जिले अवैध खनन पर प्रतिबंध लगाने के लिए सरकार द्वारा जिला प्रशासन व खनिज विभाग को जिम्मेदार बनाया गया है लेकिन प्रशासन के जिम्मेदार अधिकारियों की आंख मे धूल झोंक कर अवैध खनन करने वाले सरकार को लाखों रूपए के राजस्व की हानि पहुंचा रहे है।**

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।



अवैध खननकर्ता वेखौफ होकर नर्मदा मे अवैध खनन करते नजर आए। नरसिंहपुर - जबलपुर की सीमा क्षेत्र में अवैध खनन का नजारा इतना भयानक देखने को मिला कि अवैध खननकारियों को प्रशासन का जरा भी डर भय नही है। प्रशासन की लाख कोशिंशों के बाद भी अवैध खनन बंद होने का नाम नही ले रहा है। बीते दिवस वायरल फोटो वीडियों के बाद प्रशासन द्वारा क्या कार्रवाई की जाती है। अब देखना होगा कि प्रशासन द्वारा उक्त संबंध में क्या कार्रवाई की जाती है।

### स्वीकृत नही है खदान

नरसिंहपुर और जबलपुर जिले की सीमा पर स्थित सांकलघाट पर नर्मदा नदी की बीच धारा से बड़े पैमाने पर अवैध रेत खनन किए जाने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। शनिवार को इस अवैध कारोबार के कुछ पुख्ता वीडियो और तस्वीरें सामने आई हैं, जिसके बाद प्रशासनिक महकमे में हड़कंप मच गया है। सबसे बड़ी बात यह है कि इस पूरे सीमावर्ती इलाके में किसी भी जिले की कोई भी वैध रेत खदान स्वीकृत नहीं है, फिर भी यहां धड़ल्ले से रेत निकाली जा रही है। सामने आए वीडियो और चश्मदीदों के अनुसार, बेखौफ रेत माफिया ने घाट के किनारे से लेकर नदी के बीच तक करीब 150 मीटर लंबा एक रैम्प यानी कच्चा रास्ता बना डाला है। इसी रास्ते के सहारे पोकलेन जैसी भारी मशीनें, डंपर और हाइवा नदी के बीचों-बीच तक आसानी से पहुंच रहे हैं और दिन-रात नर्मदा का सीना चीरकर गाड़ियां भरी जा रही हैं।

### नियमों को दिखाया जा रहा धता

यह पूरी कार्रवाई नर्मदा नदी में खनन को लेकर नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल यानी एनजीटी के कड़े नियमों और अदालती आदेशों की सरेआम धज्जियां उड़ा रही है। जिस बड़े स्तर पर मशीनों और डंपरों का मेला लगा हुआ है, उसे देखकर साफ है कि इस खेल के पीछे किसी बड़े और रसूखदार सिंडिकेट का हाथ है। वैसे तो नरसिंहपुर जिले की खदानों का ठेका एक निजी कंपनी के पास है, लेकिन इस अवैध खेल से उसका कोई कनेक्शन है या नहीं, यह जांच के बाद ही साफ होगा। सूत्रों के मुताबिक, नर्मदा संरक्षण में जुटे एक नर्मदा भक्त ने इस काले कारोबार के वीडियो और तस्वीरें जिला प्रशासन तक पहुंचाई थीं। मामला संज्ञान में आते ही कलेक्टर रजनी सिंह ने इसे बेहद गंभीरता से लिया है। चूंकि मामला दोनों जिलों की सीमा का है, इसलिए उन्होंने तुरंत जबलपुर जिला प्रशासन को सूचित करते हुए अवैध खनन पर धावा बोलने के लिए संयुक्तता टास्क फोर्स को एक्टिव होने के निर्देश दे दिए हैं।

### वीडियों वायरल होने बाद हरकत में आया प्रशासन

बीते दिवस अवैध खनन की फोटो वीडियो वायरल होने के बाद नरसिंहपुर कलेक्टर ने कड़ा रूख करते हुए सख्त कार्रवाई की बात कही वही जबलपुर जिला प्रशासन भी अवैध खनन को लेकर सक्रिय नजर आया। अब देखना यह होगा कि दोनों जिलों की पुलिस और खनिज विभाग की टीम मिलकर इस पर क्या एक्शन लेती है और नर्मदा का सीना चीरने वाले इन रसूखदार माफियाओं पर कब तक कानूनी शिकंजा कसता है। इलाके के लोगों ने इस पूरे मामले की बिना किसी दबाव के निष्पक्ष जांच करने की मांग की है। प्रशासन को चाहिए की अवैध खनन करने वालों पर नियमानुसार कार्रवाई कर राजस्व की वसूली की जाए। अवैध खनन को रोकने के लिए प्रशासन द्वारा ठोस कार्रवाई भी की जानी चाहिए।



## सच्चिदानंद आश्रम में मनाया गया योग दिवस

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।

विगत दिवस अंतरराष्ट्रीय योग दिवस सच्चिदानंद आश्रम में समन्वय परिवार एवं वरिष्ठ नागरिक उत्सव मंच की ओर से मनाया गया। आश्रम के प्रमुख फादर ऐन्टो ने अपने स्वागत उद्बोधन में कहा कि योग भारतीय संस्कृति की एक अमूल्य धरोहर है। योग कोई धर्म नहीं बल्कि अच्छा जिंदगी जीने का एक विज्ञान है। लगभग सभी देशों में योग को स्वीकार्यता मिल गया है। बढ़ती उम्र में स्वस्थ रहने के लिए सुश्री इंदु सिंह ने उपस्थित सबको आसन एवं प्राणायाम कराया और अरविंद शर्मा जी ने ज्ञान कराया। योग द्वारा मन की छुपी हुई ताकतों को विकसित कर सकता है। इसका प्रमाण देते हुए कुमारी पूर्वा शर्मा ने आंखों पर पट्टी बांधकर किताब पढ़कर सुनाया । हिमवीर साहिनी ने कार्यक्रम को सुचारू रूप से संचालन किया। कार्यक्रम के अंत में प्रदीप पुरोहित ने अपने मधुर संगीत द्वारा माहौल को और आनंदमय बनाया। अंत में डा. सुधीर सिंघाई ने सब को तहे दिल से धन्यवाद अर्पित किया।

## आनंदम म्यूजिकल ग्रुप ने मनाया विश्व संगीत दिवस

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।



संगीत का संबंध दिल से होता है। संगीत की कोई जाति नहीं। इस प्रकार के विचार कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रुद्रेश तिवारी एवं अमितेंद्र नारोलिया द्वारा विश्व संगीत दिवस पर आनंदम म्यूजिकल ग्रुप के गीत मधुरम कार्यक्रम में दिये। डॉ उपेन्द्र पाठक द्वारा स्वस्तिवाचन एवं माधव शिन्दे द्वारा मां सरस्वती वंदना से प्रारंभ हुआ। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि के रूप में तरुणेन्द्र ठाकुर संचालक नरसिंह पब्लिक स्कूल,पाठक वार्ड पार्षद सुमन रोशन सिंह राजपूत के द्वारा प्रतिभागियों को अपनी ओर से शील्ड एवं प्रमाण पत्र प्रदान किए। कार्यक्रम में अनिल नेमा, अरविंद पाठक डॉ अनुराग वर्मा, आशुतोष वर्मा,माधव शिन्दे, मुकेश शर्मा, बृजेश विश्वकर्मा, राजमणि विश्वकर्मा, सूर्यकांत नेमा, योगेश गुप्ता आदि ने मधुर गीत गाकर विश्व संगीत दिवस मनाया। कार्यक्रम का आयोजन नरसिंह पब्लिक स्कूल रेवा नगर में आयोजित किया। कार्यक्रम संचालन भागीरथ विश्वकर्मा एवं आभार मुकेश शर्मा द्वारा किया गया। कार्यक्रम के केंद बिंदु में नरसिंहपुर जिले का नाम रोशन करने वाले इंडियन आइडियल के सहभागी विराट सेन रहे। कार्यक्रम में संगीत से जुड़े प्रेमी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में पितृ दिवस की यादें ताजा करते हुए 80 वर्ष की आयु के रामगोपाल पाठक ने जिंदगी भर नहीं भूलेंगे ये बरसात की रात। गाकर ये सिद्ध किया कि संगीत की कोई उम्र नहीं होती।

## अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर श्रीदेव मुरलीधर विद्यालय में हुआ योगाभ्यास

गोटेगांव।



नगर के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान श्रीदेव मुरलीधर विद्यालय में 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया। उपप्राचार्य संदीप जैन के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों ने विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम का अभ्यास किया।इस अवसर पर शिक्षकों ने विद्यार्थियों को योग के शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक लाभों की जानकारी देते हुए नियमित योग अपनाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में बाल शिक्षा समिति के सचिव बी.डी. सोनी, कोषाध्यक्ष शिवाजीत ताम्रकार, सहसचिव आनंद अग्रवाल, प्राचार्य शिवशंकर पाठक सहित विद्यालय परिवार उपस्थित रहा।

## मोहर्रम को लेकर शांति समिति की बैठक संपन्न



**गोटेगांव।** आगामी मोहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से थाना गोटेगांव परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक थाना प्रभारी प्रदीप सराफ की अध्यक्षता में आयोजित हुई।बैठक में नगर के गणमान्य नागरिक, धर्मगुरु, जनप्रतिनिधि एवं विभिन्न समाजों के सदस्य उपस्थित रहे। थाना प्रभारी ने बताया कि ताजिया जुलूस मार्ग, बिजली, पानी, साफ-सफाई एवं यातायात व्यवस्था को लेकर संबंधित विभागों से समन्वय किया जाएगा। संवेदनशील स्थानों पर विशेष निगरानी रखने के साथ ही सभी से आपसी भाईचारा बनाए रखने की अपील की गई। उपस्थित लोगों ने प्रशासन को पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया।

## नर्मदा तट पर 57 एकड़ भूमि पौधरोपण के लिए चिन्हांकित



हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।

सीईओ जिला पंचायत गजेन्द्र सिंह नागेश ने नर्मदा समृद्धि परियोजना के अंतर्गत जनपद पंचायत गोटेगांव की ग्राम पंचायत करेली कला एवं ग्राम पंचायत खोबी के ग्राम जोझा का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान नर्मदा तट पर क्रमशः लगभग 21 एकड़ एवं 36 एकड़ इस प्रकार कुल 57 एकड़ भूमि पौधरोपण के लिए चिन्हांकित की गई। सीईओ ने संबंधित ग्राम पंचायत एवं उपयंत्री को निर्देशित किया कि चिन्हांकित एवं खाली कराई गई भूमि पर शीघ्र पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया जाए। भूमि संरक्षण के लिए मौके पर सीमेंट के पोल मंगवाकर निर्धारित दूरी पर तत्काल स्थापित करने के निर्देश भी दिए गए।

### कृषि आधारित विषय की शिक्षा की जरूरत

**तेंदूखेड़ा।** तेंदूखेड़ा क्षेत्र पूर्णतः कृषि पर आधारित क्षेत्र है। यहां का प्रत्येक वर्ग कृषि की पैदावार से ही अपनी जरुरतों की पूर्ति किया करते हैं। लेकिन सबसे बड़ी विसंगति यह बनीं हुई है कि यहां की शैक्षणिक संस्थाओं में कृषि आधारित विषय पढ़ने को नहीं मिलते। कृषकों का कहना है कि वर्तमान समय में खेती को लाभ का धंधा बनाने की दिशा में विभिन्न प्रकार की आधुनिक पद्धति से खेती कराई जा रही है। यदि कृषक परिवारों को कृषि से संबंधित शिक्षा स्कूलों में मिलेगी तो निश्चित ही युवा छात्र कृषि को आधुनिक पद्धति से खेती करके उन्नतशील कृषक बन सकते हैं लेकिन पिछले कई वर्षों से शिक्षा विभाग के अधिकारियों को इस दिशा में मांग किए जाने के बाबजूद भी आज तक किसी भी प्रकार की कोई उचित पहल नहीं की गई। गौरतलब रहे कि तेंदूखेड़ा के शासकीय और अशासकीय विद्यालयों में कहीं भी यह व्यवस्था नहीं है। और ना ही आस के स्कूलों में यह विषय पढ़ने को मिल पाते हैं। तेंदूखेड़ा क्षेत्र के कृषकों ने एक बार फिर तेंदूखेड़ा के शासकीय बालक विद्यालय में कृषि आधारित विषय बढ़ाये जाने की मांग की है।

# मक्का की बोनी में जुटे किसान लेकिन बारिश का इंतजार

तेंदूखेड़ा

खेतों से गर्मी मौसम की मूंग कटते ही अब युद्ध स्तर पर मक्का फसल की बुवाई के लिए किसान सक्रिय हो गए हैं। लेकिन मानसूनी बारिश का इंतजार हो रहा है। किसानों का कहना है कि बरसात काफी लेट होती चली जा रही है।जिन किसानों के पास स्वयं का पानी का साधन है उनके द्वारा तो मक्का फसल की बोनी कर दी गई है लेकिन अन्य किसान तो आसमान की ओर ही निहार रहे हैं।पिछले साल धान फसल में उचित दाम ना मिल पाने के कारण किसान इस बार मक्का फसल में अधिक ध्यान दे रहा है।इस फसल में ना ज्यादा दवाईयां और ना ही ज्यादा समस्या प्रति एकड़ उपज भी अच्छी खासी निकल आती है। विभिन्न प्रकार की बीजों की किस्में भी आ गई है।जो जल्दी कम समय में पककर तैयार हो जाती है।खर्चा काटकर एवरेज लगभग वही बैठ जाता है। चूंकि धान में केमिकलों का छिड़काव किये बिना काम चल नहीं पाता है और अधिक केमिकलों के कारण धान और मूंग फसल बेचने में ना नुकुर के चलते इस फसल पर ज्यादा ध्यान दिया जा रहा है। रेट भी सही नहीं मिल पा रहें हैं।चूंकि मिट्टी के ऊपर इस फसल का उत्पादन हुआ करता है। लेकिन मक्के की फसल में ज्यादा खर्चा नहीं आता है।केवल जंगली सुअरों और पक्षियों से इस फसल को बचाना पड़ता है । विशेष तौर पर जंगली क्षेत्रों में ज्यादा सुरक्षा की जरूरत होती है। और इन्हीं क्षेत्रों में ही सर्वाधिक बुबाई होती है।बुबाई के लिए अभी 10 जुलाई तक का समय है। बरसात जारी रहने के कारण फिर बोनी नहीं हो पाती है।

उधर कुछ खेतों में धान के रोपा लगाने के काम साथ-साथ चल रहे हैं।विगत वर्ष अचानक बारिश शुरू हो जाने के कारण धान की रोपाई 40 प्रतिशत से भी ज्यादा रोपाई नहीं हो सकी थी । विशेष रूप से बासमती धान के अलावा अन्य प्रजातियों की धान के रोपा लगाये जा रहे हैं।

### *सोयाबीन बीज का अधिक मूल्य किसानों का मोहभंग*

धान के साथ साथ सोयाबीन और अरहर फसल भी लगाई जा रही है। लेकिन संपूर्ण क्षेत्र में 60 प्रतिशत में मक्का फसल है।किसानों का कहना है कि इस बार सोयाबीन बीज के ही रेट अधिक होने के कारण बहुत कम मात्रा में ही सोयाबीन लगाया जा रहा है। कहीं कहीं अरहर की भी बुबाई जारी है।

### *मूंग का हुआ है जोरदार उत्पादन*

गत वर्ष की अपेक्षा किसानों की मूंग फसल अच्छी अच्छी में निकलने के साथ सुरक्षित घर पहुंच गई है।पिछली बार तो अचानक वारिस शुरू हो जाने के कारण बहुत से किसानों की मूंग फसल खराब हो गई थी।15 जून तक मूंग कटाई का कार्य युद्ध स्तर पर चलता रहा है।

### मुनि श्री 108 महासागर जी महाराज ससंघ का आगमन

**तेंदूखेड़ा** सोमवार को आचार्य श्री 108 विद्यासागर जी महाराज के परम शिष्य मुनि श्री 108 महासागर जी महाराज ससंघ का सोमवार को भव्य आगमन हुआ। मुनि श्री बरमान डोभी सड़क मार्ग से सुबह-सुबह तेंदूखेड़ा पहुंचे जहां दिगम्बर जैन समाज के श्रद्धालुओं ने जोरदार आगवानी की। जैन समाज में धार्मिक आध्यात्मिक वातावरण बना हुआ है।जिनालय में श्री जी की विधि विधान से पूजा अर्चना एवं अभिषेक संपन्न हुआ। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने सहभागिता की। मुनि श्री ने अपने प्रवचन में धर्म संयम अहिंसा आत्मकल्याण के मार्ग पर चलने का संदेश देते हुए कहा कि मानव जीवन का वास्तविक उद्देश्य आत्मा की शुद्धि ही सदाचार का पालन है। मुनि श्री महासागर जी महाराज ससंघ के आगमन से समस्त जैन समाज में हर्ष और उत्साह का वातावरण है। दिगम्बर जैन समाज के वरिष्ठजन महिलाएं एवं युवा बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### एन एस एस और एन सी सी छात्रों ने किया योगाभ्यास

**तेंदूखेड़ा।** विगत दिवस अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर महिला महाविद्यालय के एन सी सी और एन एस एस के सभी विद्यार्थियों द्वारा योगाभ्यास किया गया। इस मौके पर प्रबधक डॉ प्रकाश जैन प्राचार्य डॉ श्रीमती किरण प्रभा जैन का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ तथा एनसीसी अधिकारी कैप्टन रोमी मालवीय एन एस एस अधिकारी श्रीमती अरुणा जैन सदस्य चंद्रभूषण पाठक श्रीमती सुनीता बजाज मीना रुसिया देवानंद धानक संतोष पटेल संतोष लोधी एवं एनसीसी एनएसएस कि छात्र छात्राओं की सराहनीय उपस्थिति रही सभी को पहले योग के महत्व को बताया गया एवं तत्पश्चात योग के विभिन्न अभ्यास को किया गया बाद में सभी ने स्वल्पाहार किया।